श्याम तेरा शुक्राना खाटू श्याम भजन लिरिक्स

श्याम तेरा शुक्राना,

दोहा – तेरा तुझको सौंप दूँ,
क्या लागत है मोर,
मेरा मुझमे कछु नाही,
जो कुछ है सब तोर।

जब विपदा की बदरी थी छाई,
तूने मोरछड़ी अपनी लहराई,
हर मुसीबत से मुझको बचाया,
के श्याम तेरा शुकराना,
तूने रोते हुए को हंसाया,
के श्याम तेरा शुकराना।bd।

जबसे तूने सांवरिया पकड़ा ये हाथ है,
काँटों वाली राहों में फूलों की बरसात है,
तूने इतना किया है एहसान,
तेरे प्रेमियों में मिली पहचान,
मेरे सूखे चमन को खिलाया,
के श्याम तेरा शुकराना,
हर मुसीबत से मुझको बचाया,
के श्याम तेरा शुकराना,
तूने रोते हुए को हंसाया,
के श्याम तेरा शुकराना।bd।

मेरे संग तू है दुखों ने मुख मोड़ा,
मेरे हर भरम को तो तूने ही तोडा,
मेरी साँसों की सरगम में श्याम,
मेरे होंठों पे तेरा ही नाम,
तूने मुझको है अपना बनाया,
के श्याम तेरा शुकराना,
हर मुसीबत से मुझको बचाया,
के श्याम तेरा शुकराना,
तूने रोते हुए को हंसाया,
के श्याम तेरा शुकराना।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

पार तू लगाता है बनकर खिवैया,
ये 'चोखानी' तेरा ही गुलाम,
बाबा 'गौतम' की थामो लगाम,
तूने इतना जो प्यार बरसाया,
के श्याम तेरा शुकराना,
हर मुसीबत से मुझको बचाया,
के श्याम तेरा शुकराना,
तूने रोते हुए को हंसाया,
के श्याम तेरा शुकराना।bd।

जब विपदा की बदरी थी छाई,
तूने मोरछड़ी अपनी लहराई,
हर मुसीबत से मुझको बचाया,
के श्याम तेरा शुक्राना,
तूने रोते हुए को हंसाया,
के श्याम तेरा शुकराना।bd।

Singer – Gautam Rathor

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com